राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, **वस्त्र मंत्रालय ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM)** के तहत **12 शोध परियोजनाओं को** मंज़ूरी दी है, जिससे अनुमोदित शोध परियोजनाओं की कुल संख्या बढ़कर 168 हो गई है।

- शोध परियोजनाओं को **भू-वस्त्र, सतत् और स्मार्ट वस्त्र** आदि के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में अनुमोदित किया गया।

NTTM के बारे में मुख्य बिंदु क्या हैं?

- **तकनीकी वस्त्र उद्योग मंत्रालय के बारे में:** NTTM देश में **तकनीकी वस्त्र क्षेत्र** के विकास को बढ़ावा देने के लिये **वस्त्र मंत्रालय** की एक पहल है।
  - इसका लक्ष्य वर्ष **2024** तक भारत को तकनीकी वस्त्र उद्योग में **वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करना है।**
- **कार्यान्वयन अवधि:** NTTM को **वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक चार वर्ष की** कार्यान्वयन अवधि के साथ अनुमोदित किया गया था।
- **घटक:** मिशन के **चार** घटक हैं।
  - **शोध, नवाचार और विकास: मौलिक रूप से शोध वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) प्रयोगशालाओं, IIT** तथा अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों में किया जाता है।
  - **संवर्द्धन और बाज़ार विकास:** यह **बाज़ार विकास, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, निवेश प्रोत्साहन** और ['मेक इन इंडिया'](#) पहल पर केंद्रित है।
  - **निर्यात संवर्द्धन:** इस क्षेत्र में समन्वय और संवर्द्धनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने के लिये **तकनीकी वस्त्रों के लिये** एक निर्यात संवर्द्धन परिषद की स्थापना की गई है।
  - **शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास:** यह इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृषि और संबंधित क्षेत्रों को कवर करते हुए तकनीकी वस्त्रों में उच्च स्तरीय **तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देता है।**

तकनीकी वस्त्र:

- **तकनीकी वस्त्र के बारे में:** वे वस्त्र सामग्री जो सौंदर्य और सजावटी विशेषताओं के बजाय उनके**तकनीकी प्रदर्शन और कार्यात्मक गुणों के लिये निर्मित की जाती हैं, उन्हें तकनीकी वस्त्र कहा जाता है।**
- **श्रेणियाँ:** इन उत्पादों को **सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल** तथा अन्य उद्योगों में उनके उपयोग के आधार पर **12 विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।**
- **अनुप्रयोग:** इनका उपयोग **कृषि, सड़क, रेलवे ट्रैक, खेलकूद, स्वास्थ्य, बुलेट प्रूफ जैकेट, अग्निरोधक जैकेट, उच्च ऊँचाई वाले कॉम्बैट गियर** और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये किया जा सकता है।
- **उदाहरण:** अम्ब्रेला क्लॉथ, **मच्छरदानी, सिगरेट फिल्टर नोड्स, कॉन्टैक्ट लेंस, सैनिटरी नैपकिन, सीट बेल्ट, टफ्टेड कालीन, हेलमेट, चाय बैग फिल्टर पेपर** आदि।

तकनीकी वस्त्र से संबंधित पहल:

- [वस्त्र उद्योग के लिये उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना](#)
- [टेक्नोटेक्स इंडिया](#)
- [संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना](#)

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

??????????

प्रश्न.ग्रामीण सड़क निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने या कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिये निम्नलिखित में से किसके उपयोग को प्राथमिकता दी जाती है? (2020)

1. ताम्र स्लैब
2. शीत मिश्रित ऐस्फाल्ट प्रौद्योगिकी
3. जियोटेक्सटाइल
4. हॉट मिक्स ऐस्फाल्ट प्रौद्योगिकी
5. पोर्टलैंड सीमेंट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 4 और 5
(d) केवल 1 और 5

उत्तर: (A)

प्रश्न: हाल ही में हमारे देश में हिमालयी बिच्छू-बूटी (जिरार्डिनिया डाइवर्सीफोलिया) के महत्त्व के बारे में बढ़ती हुई जागरूकता थी, क्योंकि यह पाया गया है कि(2019)

(a) यह प्रति-मलेरिया औषध का संधारणीय स्रोत है
(b) यह जैव डीज़ल का संधारणीय स्रोत है
(c) यह कागज उद्योग के लिए लुगदी का संधारणीय स्रोत है
(d) यह वस्त्रतंतु का संधारणीय स्रोत है

उत्तर: (D)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-technical-textiles-mission-3